हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 7 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

10 गूंजे 'बप्पा मोरया' के जयकारे, उत्सव में ...



11 नन्हें मुन्नों कुछ यूं गुरुजनों के प्रति जताया प्यार





# साइबर अपराध से सतर्कता ही सुरक्षा: 'खाकी टॉक्स' में दी गईं महत्वपूर्ण जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम खाकी टॉक्स के चौथे एपिसोड का आयोजन शनिवार, 6 सितंबर को दोपहर 2 से 3 बजे तक फेसबुक लाइव के माध्यम से किया गया। इस विशेष एपिसोड में साइबर सुरक्षा विषय पर देश की प्रसिद्ध साइबर एक्सपर्ट मोनाली गुहा ने छात्रों व आम नागरिकों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। मोनाली गुहा ने अपने व्याख्यान में बताया कि आज के दौर में सोशल मीडिया एक जरूरी उपकरण है, लेकिन इसके सुरक्षित उपयोग को लेकर समाज में जागरूकता की कमी है। उन्होंने छात्रों को सोशल मीडिया पर सतर्क रहने, मजबूत पासवर्ड रखने, अनजान लिंक या एपीके फाइल डाउनलोड न करने, और किसी भी संदिग्ध गतिविधि से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों और आमजनों ने मोनाली गुहा से सीधे सवाल पूछे। साइबर अपराध के कारणों, नए तरीकों और उनसे कैसे बचा जाए – इन सभी पहलुओं पर उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग से कैसे बचा जाए और सतर्कता से किन खतरों को टाला जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने दोहराया कि आपकी सतर्कता ही साइबर सुरक्षा की सबसे पहली और अहम ढाल है।

## स्कूल-कॉलेज के छात्रों को किया गया विशेष रूप से जागरूक

### हजारों लोग बने साक्षी

इस फेसबुक लाइव कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद स्कूल सिमगा, जवाहर नवोदय विद्यालय लवन, हाई स्कूल तरेंगा सहित जिले के कई शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं ऑनलाइन जुड़े। कुल मिलाकर हजारों की संख्या में लोग इस जागरूकता कार्यक्रम से जुड़े और इसकी सराहना की। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के दौरान प्राप्त जानकारी को व्यावहारिक और जरूरी बताया।





### सावधानी ही है समाधान

मोनाली गुहा ने कहा कि व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर साइबर ठगों की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। ये ठग अब नए और तकनीकी तौर पर परिष्कृत तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। उन्होंने खास तौर पर यह चेतावनी दी कि अपना मोबाइल फोन किसी भी अनजान व्यक्ति को न दें, और सोशल मीडिया पर हमेशा अपनी गोपनीयता को प्राथमिकता दें।

## खबर संक्षेप

### पलारी में सतनामी समाज की बैठक आज



**पलारी।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का आवश्यक बैठक सतनाम भवन पलारी में 7 सितम्बर रविवार को 11 बजे से आयोजित किया गया है। बैठक में सदस्यता अभियान चलाकर ब्लाक अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के निर्वाचन मनोनयन के संबंध में विस्तार से चर्चा कर चुनाव तिथि निर्धारित किया जावेगा। बैठक प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे सहित जिला अध्यक्ष देवेन्द्र चतुर्वेदी, सहित जिला एवं प्रदेश प्रभारी उपस्थित रहेंगे। ब्लाक उपाध्यक्ष बसंत जांगड़े ने जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होने अपील किया है।

### खोसड़ा में दिया गया कृषकों को प्रशिक्षण



गिधौरी। कृषि विभाग के द्वारा परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत दिनांक 5.9.2025 को दिन शुक्रवार को ग्राम पंचायत खोसड़ा में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें आश्रित ग्राम महकोनी, दलदली, गिंडोला, कूकरीकोना के कृषकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि अधिकारियों के द्वारा धान के बदले अन्य फसल लगाने, फसल परिवर्तन करने, मिट्टी परीक्षण, फसल बीमा, गिरदावली में फसल एंट्री करवाना, एग्रीस्टेक में किसानों को पंजीयन कराने, वृक्षारोपण करने, जल संरक्षण, जैविक खेती को बढ़ावा देने, दवाई, बीज उपचार, बीज उत्पादन, पर उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने गहनता से प्रकाश डाला। अनुविभागीय अधिकारी कृषि जयइंद्र कँवर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धनेश्वर साय, सेवनिवृत वरिष्ठ कृषि विकस अधिकारी सी एस सांडे ने भी कृषकों को कृषि सम्बन्धी जानकारी के साथ ही किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस अवसर.पर ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी गौतम प्रसाद दाहिरे, सहायक तकनिकी प्रबंधक योगेश कुमार सिंगौर, ग्राम पंचायत खोसड़ा उप सरपंच संतोष बरिहा, पूर्व सरपंच धनेशर प्रसाद यादव, एल आर पी बलराम पटेल, बसंराम कुर्रे, सत्यनारायण भारती, श्यामसुंदर पैंकरा एवं सैकड़ों की संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

### खेत से सोलर पंप का सामान चोरी

**महासमुंद।** बेमचा स्थित खेत में लगे सोलर पंप के सामानों की चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को चंद्रकला मार्कंडेय निवासी न्यू सिविल लाईन मचेवा ने बताया कि उसके नाम पर ग्राम बेमचा खदराही खार में जमीन स्थित है। जहां पर किसानी कार्य हेतु सौर सुजला योजना के तहत सोलर पंप लगा हूआ था, जिसे दिनांक 01/08/25 से 02/08/25 के बीच किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

## चार दिवसीय आयोजन में 360 खिलाड़ियों ने लिया भाग, कुराश और रग्बी में दिखा दमखम

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में रायपुर संभाग बना ओवरऑल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पं. चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल खेल मैदान में शनिवार को 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

चार दिनों तक चले इस राज्य स्तरीय आयोजन में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर जोन से आए कुल 360 खिलाड़ी रग्बी और कुराश के विभिन्न आयु वर्गों में प्रतिस्पर्धा में उतरे। शानदार प्रदर्शन करते हुए रायपुर जोन ने ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला उपाध्यक्ष रामाधार पटेल, पुष्पराज वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षक, कोच और छात्र उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत शिक्षकों को मिला 'शिक्षादूत' व 'ज्ञानदीप' सम्मान



### सम्मानित हुए शिक्षा क्षेत्र के रत्न

समापन समारोह में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण कार्यक्रम के तहत 15 शिक्षकों को "शिक्षादूत" और 3 शिक्षकों को "ज्ञानदीप" पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा 14 उत्कृष्ट शिक्षक व 25 नवाचारी कार्य करने वाले शिक्षक भी सम्मानित हुए। इन शिक्षकों को शाल, श्रीफल व नगद पुरस्कार प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई।

### खेलों के नतीजों पर एक नजर

चार दिवसीय प्रतियोगिता में कुराश अंडर 14 बालक वर्ग में सरगुजा जोन प्रथम रहा, वहीं बालिका वर्ग में रायपुर जोन ने बाजी मारी। अंडर 17 और 19 में भी रायपुर जोन का दबदबा रहा। रग्बी में बालक वर्ग में बस्तर, बालिका वर्ग में रायपुर ने प्रथम स्थान पाया। कुल मिलाकर रायपुर जोन ने सर्वाधिक पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।



### दिखा अनुशासन और जोश

प्रतियोगिता के दौरान 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका वर्ग में रग्बी और कुराश खेलों के मुकाबले हुए। रायपुर जोन ने कुराश के अधिकतर वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर श्रेष्ठता सिद्ध की, जबकि रग्बी बालक वर्ग में बस्तर जोन और बालिका वर्ग में रायपुर जोन प्रथम रहे। विजेता खिलाड़ियों को मंच पर सम्मानपूर्वक ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन की ओर से खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, चिकित्सा और सुरक्षा की बेहतरीन व्यवस्था की गई थी, जिसकी सभी ने सराहना की।

# अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर और नगर पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना खरोरा पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। 4 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने केसला क्षेत्र के बरबंधवा तालाब पार दो युवकों को जुपीटर स्कूटी में अवैध रूप से शराब ले जाते पकड़ा।

गिरफ्तार आरोपियों में अजय धीवर (21) और धनेन्द्र भोई (18), दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 10, खरोरा शामिल हैं। इनके पास से कुल 32.220 बल्क लीटर देशी शोले मसाला मदिरा और एक जुपीटर स्कूटी क्रमांक सीजी 04 क्यूजी 6255 जब्त की गई। गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि शराब लुटू उर्फ राजू यादव, निवासी वार्ड क्रमांक 08, खरोरा के लिए ले जाई जा रही थी। आरोपी राजू यादव की तलाश जारी है।

### ये हुआ बरामद

पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से दो बैग में छिपाकर रखे गए कुल 179 पौवा देशी शराब जब्त किए। जब्ती की कुल कीमत 17,900 आंकी गई है, जबकि स्कूटी की कीमत 50,000 बताई गई है। कुल बरामदगी 67,900 की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। दोनों को मौके से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। मुख्य आरोपी लुटू उर्फ राजू यादव की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

## खोखली में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्राम पंचायत भवन खोखली में टी.एल. एम. टी. आई. चंद्रखुरी लेप्रोसी हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। इस शिविर में ग्रामवासी एवं आसपास के गांवों के लोग, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक बड़ी संख्या में पहुंचे और अपनी सेहत का परीक्षण कराया। शिविर में मुख्य रूप से आंखों की जांच, महिला एवं संबंधित रोगों का उपचार, शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की गई। साथ ही शिविर में आने वाले लोगों को निःशुल्क चश्मा और दवाइयां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर ग्राम ▶▶ शेष पेज 10 पर



## कसडोल मंडल भाजपा की मासिक बैठक में सेवा पखवाड़ा की तैयारी पर फोकस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कसडोल मंडल की मासिक बैठक मंडल कार्यालय में आयोजित की गई, जिसका सफल नेतृत्व मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने किया। बैठक का शुभारंभ भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पूजार्चना के साथ हुआ। डॉ. मानिकपुरी ने अगस्त माह में सम्पन्न हुए विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख किया, जिनमें मां के नाम पेड़ लगाने का अभियान, भाजयूमो की बाइक रैली तिरंगा यात्रा और महिला मोर्चा द्वारा तीजा पोरा उत्सव शामिल थे।

बैठक में सितंबर माह में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा चलाने की योजना पर भी चर्चा हुई, जिसमें स्वच्छता, वृक्षारोपण जैसे सामाजिक कार्य होंगे। पिछड़ा वर्ग मोर्चा ▶▶ शेष पेज 10 पर

# 1280 लीटर डीजल जब्त तीन आरोपी गिरफ्तार

## डीजल चोर गिरोह का पर्दाफाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

शिवरीनारायण पुलिस ने बीती रात बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक डीजल चोरी के गिरोह का पर्दाफाश किया है। राष्ट्रीय राजमार्ग और आसपास के पेट्रोल पंपों पर ट्रकों से डीजल चोरी कर रहे तीन आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से 1280 लीटर डीजल और एक स्कॉर्पियो वाहन जब्त किया है।

- राष्ट्रीय राजमार्ग पर चोरी की बड़ी वारदात पर पुलिस ने छापा मारा
- दो अन्य आरोपी फरार, पुलिस ने कड़ी नजर रखी

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह गिरोह लंबे समय से राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़े भारी वाहनों की डीजल टंकी का ताला तोड़कर डीजल चोरी कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिलेश कुमार कुर्रे (25), अनुज साहू (25) और विजय कुमार साहू (35) के रूप में हुई है। इनके खिलाफ चोरी और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।गिरोह के दो अन्य सदस्य पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से डीजल चोरी की घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है।

शिवरीनारायण पुलिस ने तीन आरोपियों को एक स्कॉर्पियो वाहन सहित गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से कुल 1280 लीटर डीजल जब्त किया गया है, जिसकी कीमत करीब 13 लाख 32 हजार रुपए बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिलेश कुमार कुर्रे (25), अनुज साहू (25) और विजय कुमार साहू (35) के रूप में हुई है।

### कानूनी कार्रवाई और पुलिस की भूमिका

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 379 (चोरी), धारा 34 (सामूहिक अपराध) और पॉवर डिवाइस एवं प्रोटेक्टिव डिवाइस एक्ट (पीडीपीपी) की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं, दो अन्य आरोपी फरार हैं, जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस सतर्क है।

## ग्रामवासियों से की मुलाकात, रंगमंच निर्माण का भी किया निरीक्षण

# मंत्री टंकराम ने ओटगन में मंदिरों का लिया दर्शन लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

समीपस्थ ग्राम ओटगन में शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक टंकराम वर्मा का आगमन हुआ। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मंत्री टंकराम वर्मा के साथ नगर पालिका तिल्दा नेवरा के अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, भाजपा जिला रायपुर ग्रामीण के महामंत्री अनिल अग्रवाल, पार्षद रानी जैन, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सौरभ जैन ने सर्वप्रथम प्राचीन रामजानकी मंदिर में पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए तथा मंदिर परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर का दर्शन किया।

मंत्री ने मंदिर परिसर में शौचालय निर्माण का निरीक्षण कर परिसर में एक रंगमंच बनाने घोषणा की। उन्होंने ग्राम के विभिन्न गणेश पंडालों में जाकर भगवान के दर्शन कर समिति के सदस्यों से रूबरू हुए। तत्पश्चात ग्राम के महामाया मंदिर में पूजा में शामिल हुए एवं मंदिर परिसर में निर्माणाधीन रंगमंच का निरीक्षण किया। इस दौरान सरपंच हिमांशु तिवारी ने ग्राम विकास के लिए मंत्री वर्मा से विभिन्न मांगों पर चर्चा किया। जिसे पूरा करने का आश्वासन मंत्री ने दिया। वहीं गांव के शासकीय जमीनों पर अंधाधुंध हो रहे अतिक्रमण की शिकायत तहसीलदार से अनेकों बार करने व कार्यवाही नहीं होने की शिकायत ग्रामीणों ने की। जिस पर कैबिनेट मंत्री वर्मा ने एसडीएम एवं तहसीलदार को फटकार लगाते हुए त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया।



**ये रहे उपस्थित:** उक्त अवसर पर सरपंच हिमांशु तिवारी, उपसरपंच खेमिन ध्रुव, पूर्व सरपंच मधुसूदन धर दीवान, पंच सियाराम साहू, सरपंच लांजा ओमप्रकाश बंजारे, सरपंच बिनैका मुकेश बंजारे, श्रीरामसेवक परिवार से विजय सोनवानी, उमेश साहू, ललित मिर्झा, रोहित यादव, सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पेट्रोल लेने हेलमेट की अनिवार्यता समाप्त की जाए

**रायपुर।** पेट्रोल पंपों में बगैर हेलमेट वाहन चालकों को फ्यूल नहीं दिए जाने पर पूर्व छात्र नेता डॉ. राकेश राज तराटे ने आपत्ति जताई है। उन्होंने विज्ञप्ति के माध्यम से इसे तुगलगी फरमान और हेलमेट कंपनियों को फायदा पहुंचाने वाला कदम बताते हुए कहा कि शहर के अंदरूनी इलाकों तेलीबांधा चौक, फूल चौक, शास्त्री चौक, शारदा चौक, लाखेनगर चौक, नलघर चौक पर बगैर हेलमेट कितने वाहन चालकों की मौत हुई है? हेलमेट सुरक्षा की दृष्टि से पहनना सही तो है, मगर इसे शहरी क्षेत्र के बजाय आऊटर के इलाकों में आवागमन के दौरान अनिवार्य करना चाहिए।

### छग झेरिया यादव समाज कल करेगा मंत्री यादव का सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की ओर से प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गर्जेंद्र यादव का



नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन भिलाई के रिसाली स्थित दशहरा मैदान में 7 सितंबर को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। इसी तरह समाज के प्रदेश सचिव एवं रायपुर महानगर इकाई के अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने समाज के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। श्री यादव ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रदेश के सभी ग्राम, मंडल, शहर, परिक्षेत्र व जिले के पदाधिकारियों व समाज के सदस्यों के लिए ठहरने व भोजन की व्यवस्था की है।

### ईद मिलादुन्नबी पर निकला भव्य जुलूस

**रायपुर।** ईद मिलादुन्नबी पर शुक्रवार को भव्य जुलूस निकाला गया। शहर सीरतुन्नबी कमेटी के अध्यक्ष मो. सोहेल सेठी ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 8 बजे से महबूबिया चौक बैजनाथपारा से जुलूस का आगाज हुआ, जो मालवीय रोड, जय स्तंभ चौक, शारदा चौक, आजाद चौक, सदर बाजार, सिटी कोतवाली होते हुए सीरत मैदान पहुंचा, जहां तिलावते कुरआन पाक कारी मो. इमरान ने की। उसके पश्चात हजरत सैय्यद अहमद अशरफ साहब किछौछा शरीफ ने हजरत मोहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें हजरत मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलते हुए ज्यादा से ज्यादा नेक काम करना चाहिए।

### निधन

### जागेश्वर प्रसाद शर्मा

**रायपुर।** शिव मंदिर के पास पंडरी तालाब निवासी, नगर निगम के



रिटायर्ड राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद शर्मा (76) का निधन हो गया। वे विनोद शर्मा, रामेश्वर शर्मा के बड़े भाई तथा अमित शर्मा के बड़े पिताजी थे।

# अनंत चतुर्दशी पर जैन समाज ने मनाया 'उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जैन समाज द्वारा दस दिवसीय पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी को पूरे श्रद्धा भाव और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के रूप में जाना जाता है, जिसमें इंद्रियों के संयम, आत्मा की शुद्धता और वासनाओं पर विजय प्राप्त करने का संदेश दिया गया।

सवेरे से ही मंदिरों में समाजजनों की उपस्थिति देखी गई, जहां पूजा, अभिषेक, शांति धारा, तप, ध्यान, आरती और उपवास जैसे धार्मिक कार्य संपन्न हुए। समाज ने इस दिन प्रतिष्ठानों को बंद रखकर पूर्णतः धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी निभाई।

## पूजा, शांति धारा और तपस्वियों के सम्मान के साथ भक्ति में लीन रहा समाज

### पर्व की अनुशासित पूर्णाहुति

पर्यूषण एवं दशलक्षण पर्व जैन समाज के लिए आत्मशुद्धि, तपस्या और संयम का पर्व है, जिसे समाजजनों ने धार्मिक अनुशासन और समर्पण के साथ मनाया। इस दौरान पूरे दस दिन मंदिरों में भक्ति और साधना का वातावरण बना रहा। समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन, सचिव अमित जैन सहित समिति ने इस पावन अवसर पर विश्व जैन समाज को अनंत चतुर्दशी की शुभकामनाएं दीं।



### तपस्वियों की अनुमोदना और पारणा का आयोजन

पर्व के दौरान दस दिन तक उपवास या एकासन करने वाले तपस्वियों के त्याग और संयम की समाज ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अनुमोदना की। दूसरे दिन पारणा कराते समय समाजजनों ने उनकी तपस्या को नमन किया। बाहर से आए पंडित जी के प्रवचनों ने समाज को आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध किया।

### शांति धारा और आरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का उत्साह

बलौदाबाजार जैन मंदिर में अचल शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा पर प्रथम शांति धारा का सौभाग्य दीपचंद जैन की स्मृति में प्रवीण जैन, रवि जैन एवं परिवार को प्राप्त हुआ। द्वितीय शांति धारा स्व. नेमीचंद जैन की स्मृति में रमेश जैन, महेंद्र जैन, रितेश जैन, मयूर जैन एवं उनके परिवार द्वारा की गई। सांझ की महाआरती का सौभाग्य अनूप जैन और युवराज जैन, जबकि निर्वाण लाडू चढ़ाने का पुण्य कार्य पंडित डी.पी. जैन और अनुराग जैन को प्राप्त हुआ। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्ति और अनुशासन के वातावरण से गूंजता रहा। संगीतमय आरती, प्रवचन, और आत्मशुद्धि की साधना में समाजजन गहराई से लीन दिखे।

### सीतापार में पहुंचकर पूरे स्कूल प्रांगण की साफ-सफाई की

# महिला संगठन ने शिक्षक दिवस पर किया स्वच्छता कार्य, जयस्तंभ निर्माण की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत सीतापार में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर बंधन महिला ग्राम संगठन की दीदियों ने समाजहित और स्वच्छता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। संगठन की सभी बहनों ने पूर्व माध्यमिक शाला सीतापार में पहुंचकर पूरे स्कूल प्रांगण की साफ-सफाई की। इस अवसर पर बच्चों और ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व का संदेश भी



दिया गया। स्वच्छता अभियान के उपरांत संगठन की मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसका शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

बैठक में ग्राम के वरिष्ठ दुखूराम ध्रुव ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत सीतापार की सरपंच कुंती अकबर साहू से निवेदन करते हुए कहा कि शहीद खेलूराम बांधे की स्मृति में निर्मित जयस्तंभ को भव्य स्वरूप दिया जाना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ प्रेरणा प्राप्त कर सकें। इस विषय पर संगठन से जुड़ी सभी दीदियों, समूह अध्यक्ष, सचिव, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन प्रदान किया। बैठक में यह भी संकल्प लिया गया कि संगठन आगे भी ग्राम के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

## कॉलेज में मना शिक्षक दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शनिवार को सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जन्म जयँती के अवसर पर शासकीय स्व. बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में छात्रों द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन सरस्वती माता एवं सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एके उपाध्याय एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे मंच संचालन महाविद्यालय के छात्र परमेश्वर साहू ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा के बिना मानव का जीवन अधूरा है इसलिए शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षक भगवान के समान माने गए हैं। अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाले गुरु को भगवान का दर्जा दिया जाता है। हमारे जीवन में गुरु का बड़ा महत्व है। भारत में हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस दिन हमारे देश के भूतपूर्व राष्ट्रपति, विद्वान, दार्शनिक और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का भी जन्मदिन होने से महत्व बढ़ जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय संजय साहू, योगेश पटेल, विकास, मोहित, खिलेन्द्र, निरज, रमेश, दामिनी वर्मा, रितु,प्रिती, प्रियंका, यमिनी, अपर्ण, जागृति, हेमिन, लकेशवरी, दीपका, सहित बड़ी संख्या विद्यार्थी व महाविद्यालय के स्टॉप उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस पर छात्राओं को साइकिल वितरण

**संडी बंगला ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को शासकीय हाई स्कूल भैंसा, विकासखंड आरंग में साइकिल वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की 52 छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर साइकिल वितरित की गई। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरों पर उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें सभी ने सराहा। बच्चों द्वारा शिक्षकों को ससम्मान उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं अतिथियों ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पुरस्कार और पेन वितरित किए। इस अवसर पर जनपद सदस्य संजय घृतलहरे, सरपंच प्रतिनिधि मनमोहन कोठारी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष इंदरमन धीवर सहित सदस्य उत्तम साहू, विनोद पंसारी, किसन सेन, रोहित साहू, शशि रात्रे, दिलीप कोठारी आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।



### नर्सिंग कालेजों में प्रवेश के लिए मिलेंगे सिर्फ 15 दिन

**रायपुर।** प्रदेश के नर्सिंग कालेजों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के पास केवल 15 दिन का वक्त होगा। माना जा रहा है कि दो दिन के अवकाश के बाद आयुष विश्वविद्यालय द्वारा इन कालेजों की संबद्धता सूची जारी की जाएगी। छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने विभिन्न पाठ्यक्रम के लिए 138 कालेजों को मान्यता दी है। इसमें बीएससी की 60 सीट वाला नया कालेज शामिल है। जानकारी के अनुसार इस बार पुराने नर्सिंग कालेजों की सीटों की संख्या में किसी तरह का बदलाव नहीं हुआ है। केवल बीएससी नर्सिंग की 60 सीट बढ़ने की संभावना है। इसके लिए रायपुर के निजी कालेज को सीजी एनआरसी द्वारा मान्यता दी गई है। इस सूची के आधार पर आयुष विश्वविद्यालय संबद्धता प्रदान करेगा।

## सभापति ने किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकास खंड पलारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प के शिक्षकों का शिक्षक दिवस के विशेष अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य सभापति स्वच्छता विभाग पलारी जामवंती नीलकमल साहू ने मोमेंटो श्री फल तथा पेन भेंटकर सम्मान किया। सभापति महोदया ने कहा कि शिक्षक मोमबत्ती की तरह स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाशित करते हैं शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं शिक्षकों का सम्मान बेहद जरूरी है। भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन एक महान शिक्षक थे इसलिए उनके जन्मदिन को ही शिक्षक दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद प्रतिनिधि नीलकमल साहू, प्रभारी प्राचार्य मनोज वर्मा, डॉ कोमल वैष्णव, पीके साहू, विजय कुर्रे, ललित वर्मा, अरविंद ध्रुव, देवेंद्र लहरे, रविशंकर साहू, रश्मि ठाकुर, महेश्वरी वर्मा, योगेश्वरी धुरंधर, गीता श्रेय, पूजा जायसवाल, कविता साहू, गीतिका प्रधान, प्रकाशचंद धेनुसेवक आदि उपस्थित थे।

## 101 स्कूलों में बनाएंगे विज्ञान क्लब

**रायपुर।** स्कूलों में अब विज्ञान क्लब बनाए जाएंगे, जहां बच्चों को साइंस संबंधित ज्ञान मिल सकेगा। मुख्यमंत्री निवास में सीएम विष्णुदेव साय की उपस्थिति में जिला प्रशासन रायपुर और विज्ञान भारती के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता किया गया।इस पहल का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, नवाचार को बढ़ावा देना और उन्हें विभिन्न वैज्ञानिक कॅरियर अवसरों से परिचित कराना है। इस साझेदारी के तहत जिले के 101 स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब और विद्यार्थी विज्ञान मंथन जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसके माध्यम से छात्रों को वैज्ञानिक प्रयोग, व्याख्यान, प्रयोगशालाओं और उद्योगों के शैक्षणिक भ्रमण, तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

## सर्व बंग समाज ने की टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ बंग समाज ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राजनैतिक लाभ के लिए पश्चिम बंगाल की सांसद बार-बार बंग समाज की अस्मिता के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। यह किसी भी हालत में छत्तीसगढ़ सर्व बंग समाज को मंजूर नहीं है। इसके विरोध में समाज के लोग आंदोलन के लिए तैयार है। हमेशा से ही बंग समाज को छत्तीसगढ़ में विशेष सम्मान मिला है। यहां 100 साल से भी ज्यादा समय से बंग समाज के लोग प्रदेश सहित देश के दूसरे राज्यों में मिलाकर करीब तीन करोड़ की तादाद में परिवार के साथ रहते हैं। सांसद की गिरफ्तारी को लेकर राज्यपाल, सीएम और गृह मंत्री को ज्ञापन देने की तैयारी है।

राजधानी सहित प्रदेश में निवास करने वाले बंग समाज के लोगों को लेकर मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में गोपाल सामंतो, देवाशीष मोहंती सहित समाज के लोगों ने संयुक्त रूप से उक्त जानकारी। बताया कि बांग्लाभाषी और बांग्लादेशी के इस



■ पत्रकार वार्ता में समाज के लोग बोले- असुरक्षा की स्थिति निर्मित कर रहीं सांसद

फ़र्क़ को मिटाने में नेता इतने मशगूल हो गए है कि इस बात को समझने में नाकाम है की पश्चिम बंगाल के बाहर भी तीन करोड़ बंग समाज के लोग वर्षों से शांतिपूर्ण ढंग से निवास कर रहे है। जिनके लिए हर दिन महुआ मोइत्रा जैसे नेता जोखिम और खतरा पैदा करते जा रही है। आज छत्तीसगढ़ सर्व बंग समाज ऐसे राजनीतिविदों की घोर निंदा करती है और छत्तीसगढ़ सरकार से मांग करती है की माना थाने में दर्ज हुए एफआईआर पर तत्काल कार्यवाही करते हुए महुआ मोइत्रा को गिरफ्तार करके कोर्ट के सामने प्रस्तुत करें। यह भी मांग करते है की पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जो हर मंच पर खुद को बंग समाज की हितैषी बताती है, वे अपने सांसद को स्वयं देश के संसद से वापस बुलाएं।

## 15 साल से एक ही पंचायत में जमी सचिव पर सरपंच ने उठाई उंगली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

बलौदा बाजार जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसदा में तैनात सचिव देवकुमारी राय के 15 वर्षों से एक ही स्थान पर जमे रहने और मनमानी रवैये से त्रस्त होकर ग्राम सरपंच गणेशराम साहू और उपसरपंच पवन वर्मा ने जिला सीईओ को पत्र लिखकर उन्हें हटाने की मांग की है। सरपंच का आरोप है कि सचिव पंचायत कार्यालय में नियमित उपस्थिति नहीं देती, पंचायत भवन प्रायः बंद रहता है, और योजनाओं की जानकारी साझा नहीं की जाती। साथ ही सचिव पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में अवैध वसूली का भी आरोप है। सूत्रों के अनुसार, सचिव द्वारा नवनिर्वाचित सरपंच के कई बिल जानबूझकर रोके गए हैं, जिससे पंचायत संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है। सचिव स्वयं भी कई बार कह चुकी हैं कि उनका पंचायत में काम करने का मन नहीं है और स्थानांतरण की मांग कर चुकी हैं।

■ सीईओ को लिखी शिकायत, कहा– पंचायत भवन रहता है बंद, योजनाएं हो रहीं बाधित

■ ग्रामीण योजनाओं में अड़चन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के एवज में वसूली का आरोप




### पंचायत कार्य बाधित, योजनाएं ठप

सचिव के रवैये से ग्राम पंचायत में कई विकास कार्य रुक गए हैं। शासन की योजनाएं जमीन पर नहीं उतर पा रही हैं और ग्रामीणों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। सरपंच का कहना है कि सचिव का स्थानांतरण अत्यावश्यक है।

### जल्द होगी कार्रवाई

आपके द्वारा यह जानकारी मेरे संज्ञान में लाई गई है। जल्द ही मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
- **दिव्या अग्रवाल**, जिला पंचायत सीईओ

## पेज 09 के शेष ...

### कसडोल मंडल भाजपा...

जिलाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने संगठन की मजबूती और पार्टी के रीति-नीति के पालन पर बल दिया। पूर्व प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने कार्यकर्ताओं को निरंतर जुटे रहने और पार्टी के लक्ष्य को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। भाजपा मंडल महामंत्री रामचंद्र ध्रुव ने आभार प्रकट किया। साथ ही भाजपा मंडल महामंत्री रामचंद्र ध्रुव ने आभार व्यक्त किया बैठक में जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा शिला वर्मा, किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, जिला प्रतिनिधि दवय संतोष कश्यप, दिलहरण जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष तीजराम विश्कर्मा, कोषाध्यक्ष गुनीराम साहू, मिडिया प्रभारी पुरषोत्तम कैवर्त, कार्यालय प्रभारी गोपाल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, जनपद सदस्य मोरध्वज पैकरा, युवा मोर्चा महामंत्री हरिकांत (राजू) साहू व अन्य कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अनिल श्रीवास ने किया।

### खोखली में लगा...

पंचायत के सरपंच आशीष कुमार चतुर्वेदानी, उपसरपंच बंसी यादव, पंच सीमा ईश्वर यादव, रीना आनंद ध्रुव, भूरवा मिरी, सचिव रूपेंद्र वर्मा समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। शिविर का आयोजन विक्रम सिंह और एली मसीह ने किया था। कुल मिलाकर लगभग 250 लोगों ने इस निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया। सरपंच आशीष कुमार चतुर्वेदानी ने बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में मदद मिलती है और वे अपने रोगों का समय पर इलाज करा पाते हैं।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए पलारी के शिक्षक सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जयँती पर शनिवार को सेजेस चक्रपाणि विद्यालय बलौदाबाजार में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें पलारी ब्लॉक से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक प्रकाश कुमार सेन, अनिल आडिल, परमेश्वरी फेकर को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षादूत से सम्मानित किया गया। साथ ही बिहारी लाल पटेल को ज्ञानदीप पुरुस्कार से सम्मानित किया गया, इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा साल, श्रीफल,प्रशस्ती पत्र एवं क्रमशः 5000 रूपये एवं 7000 रूपये का चेक प्रदान किया गया।

शिक्षको यह सम्मान बेहतर नवाचारी कार्य हेतु उत्तम कुमार नागवंशी प्राचार्य, रोमेश चंद्र खोटे व्याख्याता, कविता सरसीहा शिक्षक, बाबूलाल साहू प्रधान पाठक, कन्हैया लाल साहू एवं अराधना वर्मा को दिया गया।

## मौजूदा सत्र के शिक्षक सम्मान घोषित, ये अगले वर्ष होंगे पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शुक्रवार को राजभवन में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह के साथ ही अगले वर्ष सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों के नामों की भी घोषणा कर दी गई है। नियमानुसार, 64 नामों का चयन पुरस्कार के लिए किया गया है। राजधानी रायपुर से महेंद्र पटेल और भारती अग्रवाल का चयन सत्र 2025-26 शिक्षक सम्मान के लिए हुआ है।

चयनित शिक्षकों को अगले वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। धमतरी जिले से रंजिता साहू और लीलाराम साहू, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से हेमंत श्रीवास और सरिता सिदार, राजनांदगांव जिले से थंगेश्वर कुमार और कोनिका सोनी, दंतेवाड़ा जिले से कैलाश कुमार नीलम और सुमन चौधरी, कबीरधाम जिले से चंद्रिका प्रसाद चंद्रवंशी और संतोष साहू, सरगुजा जिले से अजय कश्यप और रेखा रॉय, नारायणपुर जिले से विरेन्द्र निषाद, जशपुर जिले से संतोषी डनसेना और रवि गुप्ता का चयन किया गया है।

### कई मापदंडों पर चयन

*इन 64 चयनित शिक्षकों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान एवं शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारपूर्ण प्रयासों के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। अन्य नामों में कोरिया जिले से जया मिश्रा और पूनम पाण्डेय, मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले से सुजीत साहू, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से मोहनलाल जंघेल और पदमा साहू, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से भजनलाल साहू और योगेन्द्र देवांगन, बलरामपुर-रामानुजगंज जिले से संजय श्रीवास्तव और अमृता निकुंज, दुर्ग जिले से कुमुद साहू और पवन सिंह, कोरबा जिले से कौशिल्या खुराना और जितेन्द्र साहू, सूरजपुर जिले से गोपाल सिंह और योगेश साहू, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से कन्हैया लाल साहू और विशेषवर साहू, मुंगेली जिले से रघुनाथ राठौर और वंदिता शर्मा चयनित किए गए हैं।*

■ राजधानी से महेंद्र पटेल और भारती अग्रवाल का चयन, नियमानुसार प्रदेशभर से 64 चयनित

### इनके भी नाम शामिल

इसी तरह कोण्डागांव जिले से हीरालाल चुरेन्द्र और सूरजलाल नेताम, रायगढ़ जिले से आरती साहू और ओमकुमारी पटेल, सुकमा जिले से परिणीता कश्यप और सविता उसेंडी, गरियाबंद जिले से ओमेश्वरी साहू और अनिल अवस्थी, सक्ती जिले से छबि लाल राठौर और पिललाल पटेल, बालोद जिले से नेमसिंह साहू और खेमंत साहू, जांजगीर-चांपा जिले से गुलजार बरेठ और अंजू किरण, बेमेतरा जिले से शीतल बैंस और आंचल वर्मा, महासमुंद जिले से नीलाम्बर नायक और लक्ष्मणदास मानिकपुरी शामिल हैं। बिलासपुर जिले से जय कौशिक और प्रवीण मिश्रा, बस्तर जिले से बुधराम कश्यप और कामेश्वरी कश्यप, उत्तर बस्तर कांकेर जिले से प्रेमप्रकाश साहू और बोधनलाल साहू, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले से धर्मेन्द्र कुमार कैवर्त्य और शिव नारायण सिंह, बीजापुर जिले से अनिल जाटव और केदारनाथ देशमुख का नाम घोषित किया गया है।

## खबर संक्षेप



### मलदी में मना शिक्षक दिवस

**अर्जुनी।** शासकीय हाई स्कूल मालदी में शिक्षक दिवस मनाया गया कार्यक्रम को शुभारंभ सर्वप्रथम सरस्वती माता सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र को माल्यार्पण एवं पूजा कर किया गया तथा बच्चों द्वारा गीत कविता भाषण प्रस्तुत किया गया वहीं इस मौके पर प्राचार्य शैलेंद्र भस गौरी ने शिक्षक दिवस पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से छात्रों को बताया गया। इस अवसर में प्राचार्य शैलेंद्र भसगौरी शिक्षक ए ल आर ध्रुव, पीके सोनी, एमके साहू, दुर्गावती सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### शिक्षक हेमंत श्रीवास राज्यपाल पुरुस्कार के लिए हुए चयनित

**पवनी।** शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को शिक्षा के क्षेत्र में दिए जाने वाले प्रदेश का सर्वोच्च



पुरस्कार राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों की सूची में सारंगढ-बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत पवनी निवासी व शासकीय प्राथमिक शाला मड़कड़ी में पदस्थ शिक्षक हेमंत कुमार श्रीवास का नाम जैसे शिक्षा मंत्री ने राज्यपाल पुरुस्कार की घोषणा की तो विकास खंड बिलाईगढ़ में खुशी की लहर चल पड़ी, हेमंत कुमार श्रीवास एक नवाचारी शिक्षक के रूप में जाना जाता हैं, उनको शिक्षा के क्षेत्रों में भी विभिन्न पुरस्कार मिल चुका है।

### गनियारी में मनाया गया शिक्षक दिवस



**खरोरा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गनियारी में शिक्षक दिवस के अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं शिक्षकों के सम्मान में गायन प्रस्तुति की गई। यशवंत वर्मा, अध्यक्ष शाला विकाश समिति के द्वारा उपस्थित शिक्षकों को सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का तैल चित्र सप्रेम भेंट किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य के. एल. टोप्पो द्वारा सेवानिवृत शिक्षक रामकुमार वर्मा, नायक, फ़नेंद्र भूषण पटेल का आत्मीय स्वागत किया गया।

### दीपा ने बढ़ाया संकुल देवरी का मान

**बागबाहरा।** रजत जयंती वर्ष 2025 के लिउ उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह के लिए जिला स्तर पर दीपा महार का चयन होने पर संकुल प्राचार्य डीएस टंडन एवं संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी ने हर्ष जताया है। इस उपलब्धि पर संकुल केंद्र देवरी के समस्त शाला परिवार ने भी खुशी जाहिर की है।





## शिक्षक दिवस : शिक्षकों का किया सम्मान, गुरुजनों के योगदान को किया याद

# ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम की प्रतिमा का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

शिक्षक दिवस के अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज बलौदाबाजार द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम की मूर्ति का अनावरण वरिष्ठ सदस्य करुणा शंकर मिश्र सज्जन गुरुजी के करकमलों से किया गया। इस आयोजन में समाज के सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। समाज के वक्ताओं ने कहा कि प्राचीन काल में गुरुकुल परंपरा में ब्राह्मणों का शिक्षा के प्रति समर्पण अद्वितीय था और आज भी वह परंपरा जीवित है।

कार्यक्रम में करुणा शंकर मिश्र, टी.डी. पांडेय, एस.एन. पांडेय, के.के. बाजपेयी, डॉ. निशा झा, डॉ. प्रभा शुक्ला समेत कुल 18 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सभी शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और शिक्षा को समाज के उत्थान की नींव बताया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि संस्कारों का वाहक होता है। शिक्षक दिवस के माध्यम से हमें उनके योगदान को स्मरण कर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करनी चाहिए। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्याम शुक्ला सहित सुशील तिवारी, रिचा द्विवेदी, शिव शुक्ला, किशोर बाजपेई, वंदना तिवारी, आशुतोष मिश्रा सहित समाज के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन सामूहिक श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक बना।



### शिक्षक दिवस पर गुरुजनों को किया गया सम्मानित

**मुंडा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के



प्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ने मिलकर शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच लोकेश्वर वर्मा, उपसरपंच यशवंत वर्मा, पूर्व सरपंच हलधर वर्मा एवं शाला के प्रधानपाठकों द्वारा डॉक्टर राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों – मानकी यादव, अनीता यादव, हिना पटेल, शुभम वर्मा आदि – ने अपने शिक्षकों को शील्ड, डायरी व पेन भेंट कर सम्मान जताया। वक्ताओं ने शिक्षक को राष्ट्र निर्माता बताते हुए उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शाला के शिक्षकों चूड़ामणि वर्मा, संतोष पैकरा, नरेंद्र साहू, अरुण रात्रे, गीतांजलि पटेल, दीपमाला तिवारी सहित 15 से अधिक शिक्षकों को विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों ने सम्मानित किया। शिक्षक दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम गुरु-शिष्य परंपरा का जीवंत उदाहरण बना। संचालन छात्र मानकी यादव और रूतेश्वरी वर्मा ने किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, पालकों और जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

### नन्हें मुन्नों कुछ यूं गुरुजनों के प्रति जताया प्यार

**गिधौरी।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला बास उरकुली में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने अपने नन्हें हाथों से जो स्नेह प्रकट किया, वह सभी के हृदय को छू गया। आत्मीय वातावरण में सम्पन्न हुए इस आयोजन में विद्यार्थियों ने फूलों, कार्ड और अपनी कला से गुरुजनों के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट किया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानपाठक विनोद कुमार डडसेना द्वारा माँ सरस्वती की वंदना के साथ की गई। बच्चों ने मधुर स्वागत गीत से समां बाँधा। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे कलाकारों ने कविता पाठ, भाषण, गीत और नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शिक्षक जितेन्द्र गिरि गोस्वामी ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि चरित्र निर्माणकर्ता और राष्ट्र निर्माता होते हैं। उन्होंने बच्चों से श्रेष्ठ नागरिक बनने का संकल्प लेने का आह्वान किया। बच्चों ने अपने शिक्षकों को श्रीफल और उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस आत्मीय क्षण को साझा करते हुए केक काटा गया। अंत में बच्चों को मिष्ठान्न और चॉकलेट वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। शिक्षक दिवस पर बच्चों ने अपनी कला से बनाए गए गुलदस्तों और कार्ड के जरिए शिक्षकों का स्वागत कर उन्हें भावुक कर दिया। इस आत्मीयता से भरे पल में बच्चे सिर्फ छात्र नहीं, बल्कि गुरु के प्रति समर्पित शिष्य बनकर सामने आए। यह दृश्य गुरु-शिष्य परंपरा के जीवंत उदाहरण जैसा प्रतीत हुआ। प्रधानपाठक विनोद कुमार डडसेना ने कहा कि गुरु-शिष्य का संबंध केवल विद्यालय की चारदीवारी तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह विश्वास, स्नेह और मार्गदर्शन का स्थायी रिश्ता होता है। उन्होंने यह भी कहा कि सच्चा गुरु वह होता है, जो शिष्य को यह नहीं बताता कि क्या सोचना है, बल्कि यह सिखाता है कि कैसे सोचना है।






## 31 शिक्षकों को मिला प्रेरणा सम्मान



**पवनी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा जांजगीर के विश्रामगृह में एक भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जतिंदर पाल सिंह (प्रदेश अध्यक्ष) ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुब्रत प्रधान उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि और प्रदेशाध्यक्ष का बुके, रुद्राक्ष माला और गमछा भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने शिक्षा के महत्व और शिक्षक दिवस की गरिमा पर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि सुब्रत प्रधान ने गुरु को ईश्वर से भी श्रेष्ठ बताते हुए कहा कि गुरु ही वह माध्यम है, जो आत्मा को ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर शिक्षक-साहित्यकार मदनलाल तोमर ने कविता पाठ भी किया। कार्यक्रम में जांजगीर और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के 31 उत्कृष्ट शिक्षकों को 'शिक्षक प्रेरणा सम्मान' से सम्मानित किया गया। इनमें मदनलाल तोमर, लोकनाथ ताण्डेय, जगेश्वर प्रसाद गहीर, कृष्ण कुमार नेताम जैसे समर्पित शिक्षक शामिल थे। कार्यक्रम में बिलासपुर संभाग अध्यक्ष विष्णु अवतार कश्यप, जांजगीर अध्यक्ष रमेश सोनी, लाभो कुमार सूर्या सहित कुंदन सिंह सोनबरिहा, परदेशी दास मानिकपुरी और अन्य पदाधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धा, सम्मान और प्रेरणा से गूंजा आत्मानंद विद्यालय

**गिधौरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, शिवरीनारायण में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बुद्धेश्वर केशरवानी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में के. पी. कश्यप, रामप्रसाद केशरवानी, यू. आर. कैवर्त्य और बी. डी. वैष्णव उपस्थित रहे।

विद्यालय प्राचार्य बसंत देवांगन ने संस्थान के विकास और विद्यार्थियों के सर्वांगीण निर्माण पर जोर दिया। के. पी. कश्यप ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन मूल्यों पर चर्चा की, वहीं रामप्रसाद केशरवानी ने शिक्षक के समाज में योगदान को रेखांकित किया। यू. आर. कैवर्त्य ने एकलव्य का उदाहरण देते हुए अभ्यास की अहमियत बताई और बी. डी. वैष्णव ने गुरु वचनों के पालन की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में गायत्री, मुकेश, रोशनी, दिव्या, साक्षी सहित कई विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता जताई। मधुर गीतों से आर. के. साहू व जी. पी. साहू ने समा बाँधा। संचालन रूपसी कुंभकार ने और धन्यवाद ज्ञापन आर. पी. कश्यप ने किया।

वक्ताओं ने शिक्षक को समाज का आधार बताया और कहा कि केवल ज्ञान नहीं, मूल्य और संस्कार देना ही सच्ची शिक्षा है। गुरु वह दीपक है जो स्वयं जलता है पर दूसरों को राह दिखाता है।

विद्यार्थियों ने कविता, भाषण और भावनात्मक संदेशों के माध्यम से शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षकगण के. पी. साहू, टी. आर. कुर्रे, एच. सी. देवांगन और सविता साहू का विशेष योगदान रहा।




### बुड़ेनी में मनाया गया शिक्षक दिवस

**खरोरा।** आज शासकीय प्राथमिक शाला बुड़ेनी में शिक्षक दिवस मनाया गया जिसमें ग्राम बुडेनी के सरपंच उत्तरा ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टेनू राम वर्मा, रविंद्र शर्मा एवं सदस्यगण उपस्थित हुए अतिथियों द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला बुड़ेनी के समस्त शिक्षकों को पेन एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया बच्चों द्वारा भी शिक्षकों को सम्मान एवं गिफ्ट दिया गया, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी बच्चों के लिए चॉकलेट दिया गया। शिक्षक दिवस को पूरे शाला परिवार द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



### शिक्षक दिवस पर एनएसएस ने किया गुरुजनों का सम्मान

**हथबंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के दल नायिका मीनाक्षी कोसले और उपदल नायिका सीमा पाल के नेतृत्व में शिक्षक दिवस का समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य सी के नायक एवं कार्यक्रम अधिकारी योगेश त्रिवेदी द्वारा केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया। तत्पश्चात दल नायिका मीनाक्षी कोसले, माई भारत संयोजक खुशबू पाल, स्वास्थ्य संयोजक मुस्कान चतुरे द्वारा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने सभी स्वयं सेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सांस्कृतिक संयोजक यामिनी चतुरे, योग संयोजक मुस्कान चतुरे के नेतृत्व में देशी खेल,कबड्डी,खो खो, रेस टिप आदि खेल का आयोजन किया गया। स्वच्छता संयोजक वेदांत निषाद ने शिक्षक दिवस पर आमंत्रित शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।




बिजनेस साइट

## साल भर से पीड़ित मरीज का निकाला कैंसर सेल्स के साथ 2.8 किलो का ट्यूमर

**बलौदाबाजार।** शहर के रायपुर रोड स्थित राधा कृष्णन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एक साल अधिक समय से पेट दर्द से पीड़ित 52 वर्षीय महिला की सर्जरी करके कैंसर सेल्स एवं 2.8 किलो का ट्यूमर निकाला गया है।

मरीज ने बताया कि वह पेट दर्द से करीब एक साल से पीड़ित थी इस दौरान उसने कई बड़े अस्पतालों में अपना इलाज कराया लेकिन वहां के डॉक्टरों के इलाज से उसको राहत नहीं मिल पाई। थकहार कर वह शहर के राधा कृष्णन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में इलाज के लिए आयी तो प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मरीज को अर्ली स्टेज ओवेरियन कैंसर व ट्यूमर है। जिसके बाद अस्पताल के कुशल डॉक्टरों के टीम ने मरीज का इलाज कर सर्जरी के माध्यम से महिला के ओवेरियन कैंसर सेल्स व 21 सेमी का 2.8 किलो का ट्यूमर निकाला गया जिससे मरीज को बड़ी राहत मिली। मरीज के परिजनों ने बताया कि हम कई महानगरों के डॉक्टरों को दिखा चुके थे लेकिन बलौदाबाजार जैसी जगह में इसका उपचार हो जाना हमारे साथ साथ शहर वालों के लिए भी अच्छा है। यहां का ओटी व आईसीयू मैनेजमेंट काफी अच्छा था। बलौदाबाजार जिले के मरीजों को अब कैंसर जैसे इलाज के लिए शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मरीज के सर्जरी के दौरान डॉ भारत साहू, डॉ नेहा जायसवाल, डॉ स्वाति मूंधड़ा सहित अस्पताल के स्टाफ मौजूद रहे।





## भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती पर लवन में गुरु दिवस समारोह

# विद्यालय में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया गुरु दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन जिला बलौदाबाजार छत्तीसगढ़ में 5 सितंबर 2025 को भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म जयंती के शुभ अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य,शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तेल चित्र पर पुष्प माल्यार्पण, चंदन, तिलक लगाकर धूमधाम पूर्वक गुरु दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा आठवीं के हिमांशु साहू, चेतन साहू, कक्षा 11वीं के इरफान मोहम्मद और कक्षा 9वी के मनसा ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए उपलब्धियों के बारे में गुरु दिवस की पावन अवसर पर ओजस्वी पूर्ण भाषण प्रस्तुत किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक और शिक्षिका जैसे मंदोदरी सेठ, गोवर्धन प्रसाद साहू ,सत्येंद्र कुमार पांडे, नीतीश कुमार मंडल, राकेश कुमार सिंह, ममता ,अर्चना मिश्रा, प्रशांत गायकवाड़, हरप्रसाद पटेल, दुर्गेश चंद्रा ,कृष्ण सूजी ,संदीप मालवीय, प्रदीप कुमार, विशाखा डागे ,ज्ञान प्रकाश, स्मिता पिलाई, रंजन उपाध्याय ,राघवेंद्र सोनार, कांतिलाल पटेल, सरजू तथा समस्त छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



### सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन जी की मूर्ति का अनावरण

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरुवाडीह कला में विद्यालय प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा द्वारा स्वयं के व्यय से डॉ राधाकृष्णन जी की प्रतिमा स्थापित किए हैं जिसका आज शिक्षक दिवस के अवसर पर अनावरण किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ का पहला आधुनिक संसाधनों से युक्त मध्यान्ह भोजन कक्ष बनवाया जो पूरे छत्तीसगढ़ में किसी भी सरकारी स्कूल में नहीं बना है। जिसका आज उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के सदस्य सदस्य, ग्राम पंचायत के समस्त पदाधिकारी, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व बच्चे उपस्थित थे।



### गुरु दिवस का महत्व और शिक्षक की भूमिका

विद्यालय के ग्रंथपाल राजेंद्र सिक्का ने गुरु दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि शिक्षक अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। वरिष्ठ शिक्षक सत्येंद्र कुमार पांडे ने कहा कि शिक्षक समाज के आधार होते हैं, जो विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा देते हैं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक महान सेवा के प्रतीक होते हैं और उनका सम्मान आवश्यक है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम और विद्यालय के शिक्षक

गुरु दिवस के अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्रों ने शिक्षक की भूमिका निभाई और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य मंदोदरी सेठ ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि जीवन के मार्गदर्शक और सच्चे मित्र होते हैं। विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल हुए, जिससे उत्सव और भी गरिमामय बन गया।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
05 सितम्बर 2025 SHOW TIME
बागी - 4
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
द बंगाल फाइल्स
शो समय - 12:00,6:00 PM
परम सुंदरी
शो समय - 03:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### सब स्टेशन ऑपरेटर से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चिमरकेल में विद्युत सब स्टेशन ऑपरेटर से मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी दुष्यंत साव निवासी ग्राम देवरी ने बताया कि वह विद्युत सब स्टेशन 33/11 ग्राम चिमरकेल में सब स्टेशन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। 2 सितंबर को वह सब स्टेशन में था। शाम करीबन 7 बजे ग्राम चिमरकेल निवासी बल्लू सिदार पिता पटू सिदार, युवराज सिदार पिता गोरेलाल सिदार, प्रकाश साव पिता श्यामलाल साव, पदुमदास पिता ज्ञानदास वहां आए और विद्युत परमिट देने के नाम पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### 15 दिनों का सामूहिक पितृ तर्पण कल से

**महासमुंद।** स्थानीय महामाया मंदिर समिति द्वारा 8 सितंबर सोमवार से सुबह 8 से 9 बजे तक सामूहिक पितृतर्पण का आयोजन महामाया घाट में किया जा रहा है। जिसमें नगर के कोई भी व्यक्ति इस कार्यक्रम में निःशुल्क शामिल होकर अपने पितरों को विधि पूर्वक तर्पण कर सकते है। नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी के सानिध्य में यह कार्यक्रम होगा। इस संबंध में श्री तिवारी ने बताया कि जलाशय, नदी में श्राद्ध पक्ष में अपने पूर्वजों को तर्पण करने का विधान रहा है। कलान्तर में यह गौण होकर रह गया है। साथ ही अनेक लोगों को विधि विधान भी नही मालूम जिसके कारण सामूहिक पितृ तर्पण का आयोजन निःशुल्क रूप से किया गया है जिससे पितरों के साथ ही जनसामान्य को भी संतुष्टि मिले और रीतिरिवाज से लोग परिचित हो।

### जुलूस का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**महासमुंद।** ईद मिलादुन्नबी पर्व हजरत पैगंबर साहब के जन्मदिवस पर आयोजिन जुलूस का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ओवरब्रिज के नीचे स्वागत किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व पार्षद महेंद्र जैन, भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर, हनीश बग्गा, पार्षद माखन पटेल, पांडुरंग मदनकार, महेंद्र सिक्का, शरद मराठा, रामेश्वर पटवा, भवानी यादव, गौरव राठी इत्यादि उपस्थित रहे।

## निधन

### लीला बाई साहू

**कसडोल।** समीपस्थ ग्राम सिंधारी की लीला बाई साहू पति भागीरथी साहू का 5 सितंबर को निधन हो गया है। जिसका दाह संस्कार गृहग्राम सिंघारी में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिवारजन मौजूद रहें। लीलाबाई साहू लोकनाथ साहू और सुरेंद्र साहू की दादी थीं।



## भक्ति व श्रद्धा के साथ सुहेला में हुआ गणेश विसर्जन...

सुहेला | ग्राम सुहेला में इस वर्ष गणेश महोत्सव का समापन बड़े ही धूमधाम और भक्ति भाव से किया गया। पूरे गाँव में गणेश प्रतिमाओं की शोभा यात्रा एवं विसर्जन कार्यक्रम को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सतबहिनीया माता चौक, महामाया चौक, गौरा-गौरी चौक सहित अन्य चौकों पर स्थापित गणेश प्रतिमाओं का भव्य विसर्जन समारोह पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भक्ति संगीत और, झांझ, मंजीरा , ढोलक ,बाजा के साथ संपन्न हुआ। विसर्जन यात्रा में गाँव के सभी गणेश मंडलों ने भाग लिया, और भक्ति भाव से झांकियां निकालते हुए त्रिगड्डा चौक तक शोभायात्रा लाई गई। वहाँ से सभी गणेश प्रतिमाओं को विधिपूर्वक पूजा अर्चना के साथ गाँव के स्थानीय बड़े तालाब में विसर्जित किया गया। ग्रामीणों ने "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयघोष के साथ भगवान गणेश को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने एकता और श्रद्धा का परिचय देते हुए संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाया।





### विसर्जन : ढोल-नगाड़ों, रंग-गुलाल और भक्ति के संग विदा हुए गणपति बप्पा

# गूंजे 'बप्पा मोरया' के जयकारे, उत्सव में दिखी श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

अंचल के विभिन्न गांवों में गणेश उत्सव इस बार भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। हिरमी, रावण, कुथरौद, मोहरा, बरडीह, मुसवाडीह सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना के बाद विधिवत विसर्जन किया गया।

गांव-गांव में गणेश मंडलों द्वारा आयोजित दस दिवसीय उत्सव में भजन-कीर्तन, हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक सेवा ने भक्ति भाव को और गहरा किया। कहीं छोटे बच्चों ने घर में मिट्टी के बप्पा को विराजमान किया, तो कहीं बड़े-बड़े पंडालों में श्रद्धालुओं ने दिन-रात सेवा और आराधना में हिस्सा लिया।

**भक्ति और भावनाओं का मिलन:** विसर्जन के दौरान पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों की थाप, गुलाल की उड़ान और फूलों की वर्षा ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। हिरमी और मोहरा गांवों में स्थापित विशाल प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने घाटों पर एकत्र होकर गणपति को विदाई दी। वहीं बरडीह और मुसवाडीह में रंगों और फूलों के साथ बप्पा को विदाई दी गई। कुथरौद और रावन की युवा टोलियों ने झांकियों और संगीत की धुनों पर जुलूस निकाला, जिसमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों ने भी उत्साह से भाग लिया। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से आसमान गूंज उठा।



विसर्जन के दौरान हर स्थान पर प्रसाद वितरण, सामूहिक भंडारे और सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। स्थानीय सामाजिक संगठनों और युवाओं की टीमों ने न केवल कार्यक्रमों को व्यवस्थित किया बल्कि श्रद्धालुओं से अनुशासन और शांति बनाए रखने की अपील भी की। प्रशासन की निगरानी में सभी कार्यक्रम शांति और सुरक्षा के साथ सम्पन्न हुए।

गणपति बप्पा के विदाई के क्षणों में जहां आंखें नम हुईं, वहीं आस्था और उत्सव का भाव और गहरा हो गया। श्रद्धालुओं ने यह संकल्प लिया कि अगले वर्ष और अधिक उत्साह, श्रद्धा और सेवा भावना के साथ बप्पा का आगमन करेंगे। इस दौरान गांवों में भाईचारे, सहयोग और समर्पण की भावना ने समाज को एक सूत्र में बांध दिया।



### खरोरा में हुआ श्रीगणेश का हवन पूजन


खरोरा। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में प्रथम पूज्य श्री गजानन स्वामी जी का घरों में हवन-पूजन विधिवत सम्पन्न हुआ। शुभ मुहूर्त में महाराज श्री के सानिध्य में परिवार जनों ने विधि विधान से गौरी के लाला विघ्नहर्ता जी की पूजा की। साथ ही हवन अनुष्ठान के साथ प्रसादी वितरण कर परिवार की खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। अंचल में 10 दिनों से अधिक विराजे गणपति बप्पा के विसर्जन से पूर्व संध्या पर हवन पूजन का आयोजन जगह-जगह किया गया। खरोरा के शिव मंदिर कॉलोनी में विराजे गणेश जी का विसर्जन से पूर्व हवन पूजन का आयोजन किया गया। जय महाकाल गणेश उत्सव समिति में भी हवन यज्ञ किया गया। जिसमें बच्चों, महिलाओं के साथ-साथ अंचल वासियों ने श्रद्धा भाव से हवन पूजन कर गणपति जी के विसर्जन के लिए विधि विधान पूर्वक कार्यक्रम आयोजन किया।

### विघ्नहर्ता को नम आंखों से दी विदाई

**पलारी।** अँचल में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की 11 दिनों तक विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात शनिवार तालाबो में विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्तो ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष करते रहे गणपति बप्पा के विदाई करते वक्त भक्तों की आंखे नम थी। नगर पलारी में पंडालों में विराजे गणपति को बाजे गाजे के साथ विदाई दी गई इसी के साथ घरों में विराजे बालको के प्रिय भगवान गणेश जी को विधिवत नगर के चमरी तालाब में विसर्जन किया गया।



## भगवान अनंतनाथ की निकली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

पर्यूषण पर्व में जैन समाज के लोगों के द्वारा इन दस दिनों में उत्तम क्षमा, उत्तम मारदव, उत्तम आरजव, उत्तम सत्य, उत्तम शौच, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन उत्तम ब्रह्मचर्य का आराधना किया गया। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सिमगा से दोपहर 3:00 बजे भगवान अनंतनाथ की शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो में निकाली गई।

जहां जैन धर्मावलंबियों ने अपने अपने घरों के सामने श्री जी की पालकी पहुंचने पर भगवान की मंगल आरती किये दस दिनों तक महापर्व पर्यूषण पर्व में मंदिर में प्रतिदिन प्रातःकाल विधि विधान के साथ भगवान का अभिषेक पूजन किया गया। वहीं संध्या के समय भगवान की मंगल आरती किए। शोभायात्रा के उपरांत मंदिर में फूलमाल एवं ज्ञानमाल की बोली हुई फूलमाल की बोली रूपकुमार जैन एवं ज्ञान माल की बोली संजय जैन परिवार ने ली शोभायात्रा में समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर देश में अमन शांति के लिए मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

- मुस्लिम समाज ने अमन-चैन और एकता का संदेश दिया
- धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा उत्सव

मुस्लिम समाज ने इस्लामी माह रबिउल अव्वल की 12 तारीख को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के 1500वें जन्मदिन के अवसर पर ईद मिलादुन्नबी बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई। जामा मस्जिद में सुबह परचमकुशाई कर देश-प्रदेश में अमन-शांति की दुआ मांगी गई।

समाज के लोग ईमामबाड़ा में इकट्ठा हुए जहां सलातो-सलाम अर्पित किया गया। बच्चों और युवाओं के रंग-बिरंगे परिधान, नारे-ए-तकबीर और नात शरीफ ने माहौल भक्तिमय कर दिया। हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की झलक दिखाते हुए लोग एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए। मौलाना सिब्तैन रजा खान ने नबी ए करीम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए इस्लाम के शांति, समानता और सेवा के संदेश को दोहराया।

**धार्मिक कार्यक्रम और संदेश:** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जामा मस्जिद और ईमामबाड़ा में परचमकुशाई और सलातो-सलाम के अनुष्ठान संपन्न हुए। मौलाना सिब्तैन रजा खान ने लोगों को नेक रास्ते पर चलने, गरीबों की सहायता करने और समाज में भाईचारे को बढ़ावा देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नमाज अदा करना और मां-बाप की सेवा करना हर मोमिन का धर्म है।

सामाजिक समरसता और आयोजन : पर्व के दौरान सिमगा सहित आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग जुटे। जुलूस में बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के लोग एक-दूसरे से गले मिलकर पर्व की बधाई देते नजर आए। क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक और राजनीतिक नेता भी कार्यक्रम में शामिल हुए, जिससे क्षेत्र में सामाजिक सद्भाव और एकता की भावना मजबूत हुई।



### हथबंद में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का उल्लास निकाला गया नगर भ्रमण जुलूस



**हथबंद।** जामा मस्जिद हथबंद में इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हज़रत मुहम्मद पैगम्बर साहब का जन्मदिन जश्ने ईद मिलादुन्नबी पूरे उल्लास से मनाया गया। नवनिर्वाचित मुतवल्ली इनायत खान ने परचम कुसाई की। नई कार्यकारिणी को चुनाव अधिकारी मुबारक हुसैन ने शपथ दिलाई। नगर भ्रमण कर मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। बुलंद आवाज में नारे लगाए गये। मस्जिद में तकरीर मौलाना सुफियान रजा ने की जिसमें पैगंबर मोहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए देश में एकता सद्भावना की दुवा कौम के सुख शांति और समृद्धि की कामना की गई। ये हुए शामिलइस मुबारक मौके पर जमात के रज्जाक खान, मुबारक हुसैन, मुकीम अहमद,अनवर खान, ताज खान, शमीम खान, डॉ इकबाल हुसैन, इब्राहिम खान, फैजल खान, मोहसिन खान, वकील खान, हकीम खान, तौसीफ खान, रेहान खान, उमर खान, जिशान खान, फिरोजा निकहत, गुलनाज परवीन, शरीफुन्निशा, आयशा, कमरून्निशा व समाज के क़ौमी खिदमतगार शामिल हुए ।

- नवनिर्वाचित मुतवल्ली इनायत खान ने किया परचम कुशाई, नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

## वासुपूज्य भगवान के निर्वाण महोत्सव पर भक्ति में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

- उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के साथ संपन्न हुआ पर्युषण पर्व का दसवां दिवस

श्री आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व का दसवां दिवस श्रद्धा, संयम और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की विशेष पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत वासुपूज्य भगवान की प्रतिमा को मस्तक पर विराजित कर की गई, जिसके बाद संदीप जैन व परिवार ने मंगल अभिषेक व शांति धारा का सौभाग्य प्राप्त किया।

शांति धारा के उपरांत आरती गीत सुरपति ले अपने शीश की मधुर धुन पर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से नृत्य कर आरती संपन्न की। इसके बाद नवदेवता, सोलह कारण, रत्नत्रय, अनंत चतुर्दशी सहित कई पूजाएं की गईं। धर्मसभा में अभिषेक मोदी ने ब्रह्मचर्य धर्म का महत्व बताते हुए कहा कि यह आत्मा को उसके मूल स्वरूप में स्थित करता है और सभी धर्मों का शिखर है।

धर्मसभा में कहा गया कि ब्रह्मचर्य केवल स्त्री त्याग नहीं, बल्कि इंद्रिय संयम का प्रतीक है। लक्ष्मण जी का आदर्श उदाहरण देते हुए बताया गया कि उन्होंने सीता माता के प्रति आदर और मर्यादा का पालन कर ब्रह्मचर्य का सच्चा पालन किया।

आज ही के दिन भगवान वासुपूज्य का चंपापुर मंदारगिरि से मोक्ष हुआ था। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू चढ़ाकर निर्वाण महोत्सव मनाया। दोपहर में मुनि सुब्रतनाथ भगवान का अभिषेक और अनंत चतुर्दशी पूजा भी की गई। रात्रिकालीन आरती और सुमनलता मोदी द्वारा जिनवाणी स्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में नवीन, नितिन, भावना, सुमनलता, अभिषेक, अनुराग जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के अंतर्गत
अर्जुनी एवं आस-पास के क्षेत्रों में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ
ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं खबरों
के लिए संपर्क करें
कमलेश रजक 9329157150
संजय रजक 7049753723

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 नवंबर से 10 नवंबर 2025, 13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411